एक नजर में

बिलों के फर्जी भुगतान के मामले में विभागीय जांच शुरू होगी

खंडवा। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी छैगांवमाखन में वर्ष 2017-18 से 2023-24 तक की अवधि में लगभग 2 करोड रूपए के संदेहास्पद एवं फर्जी भुगतान तथा गृह भाडा भत्ते में 20 लाख रूपये से अधिक का भुगतान परिलक्षित होने पर संयुक्त संचालक कोष लेखा इन्दौर द्वारा की गई थी। कोष एवं लेखा विभाग इन्दौर से प्राप्त प्रतिवेदन के उपरांत संदेहास्पद भुगतान होने वाले लोक सेवकों को तथा तत्कालीन आहरण संवितरण अधिकारी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी छैगांव माखन एवं वित्त संबंधी कार्य करने वाले लिपिक को कलेक्टर कार्यालय की ओर से सूचना पत्र जारी किया गया था। संबंधितों से प्राप्त प्रतिवाद समाधान कारक नहीं पाये जाने के फलस्वरूप कलेक्टर खण्डवा द्वारा प्रकरण की विभागीय जाँच करने का निर्णय लिया गया है। इस प्रकरण में पुष्पा भीडे, जिला पेंशन अधिकारी खण्डवा एवं विनीत शर्मा सहायक कोषालय अधिकारी खण्डवा को जाँच कर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस मामले में प्रस्तुत कर्ता अधिकारी संदीप गवली,सहा .लेखाधिकारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी खण्डवा को नियुक्त किया गया है। समिति प्रकरण की जांच कर अपना प्रतिवेदन एक सप्ताह में प्रस्तुत करेंगी। विभागीय जांच के बाद दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

तिरंगा बाइक रैली का आयोजन

नर्मदानगर। हर घर तिरंगा अभियान की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने और उच्च जनभागीदारी ;सार्वजनिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए मंगलवार को नर्मदानगर में सीआईएसएफ यूनिट एनएचडीसी खंडवा के कर्मियों द्वारा एक तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली को सीआईएसएफ यूनिट एनएचडीसी खंडवा नर्मदानगर के यूनिट कमांडर सहायक कमांडेंट संजीव कुमार ने हरी झंडी दिखाई। आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में 2022 में शुरू किया गया हर घर तिरंगा संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में एक राष्ट्रव्यापी अभियान है जिसका उद्देश्य नागरिकों को भारत की स्वतंत्रता के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय ध्वज को गर्व से प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। झंडी दिखाने के बाद रैली ने सीआईएसएफ यूनिट एनएचडीसी खंडवा परिसर में समापन से पहले नर्मदानगर, इंदिरा सागर बांध परिसर और इंदिरा सागर आवासीय परिसर वाले मार्ग को कवर किया। भारत सरकार की यह पहल देश के स्वतंत्रता संग्राम, उसकी उल्लेखनीय उपलब्धियों और उसकी विकास यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ावों को उजागर करती है। यह भारत के उन लोगों को समर्पित है जिनके योगदान ने राष्ट्र की प्रगति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पिछले 24 घंटों में खंडवा जिले में कहीं भी नहीं हुई वर्षा

खंडवा। जिले में पिछले चौबीस घंटों में किसी भी तहसील में वर्षा दर्ज नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 12 अगस्त तक जिले में 578 .2 मि .मी . औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 339 .4 मि .मी . औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 439 मिली मीटर, हरसूद तहसील में 343 मिली मीटर, पन्धाना तहसील में 251 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 281 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 383 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि खंडवा जिले की औसत वर्षा 808 मि .मी . है।

नगर परिषद द्वारा तिरंगा रैली निकली

मून्दी। जोश और उत्साह सै नगर परिषद द्वारा तिरंगा रैली निकल गई जिसमें इसमें नगर के गणमान्यजन व अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। सुभाष चौक से रैली माता चौक होते हुए किसान मोहल्ला नर्मदा मंदिर होते हुए मुख्य बस स्टैंड पर पहुंची यहां एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक नारायण पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष ज्योतिबाला राठौर, सांसद प्रतिनिधि चंद्रमोहन राठौर, नगर परिषद उपाध्यक्ष राज नारायण, मंडलोई ,सखाराम यादव, सूरजपाल सिंह सोलंकी, पार्षदगण आदि मौजूद थे ।इस अवसर पर विधायक नारायण पटेल ने तिरंगे का महत्व बताया और कहा तिरंगा हमारा देश की शान है ।चंद्र मोहन राठौर ने आज की रैली में जो जोश और उत्साह दिखाया उसकी सहाना करी ।मूंदी नगर वासियो में भी उत्साह था देश की शान राष्ट्रीय ध्वज घर-घर फहराया जाए एवं इसे सम्मान के साथ फहराया जाए ।पूर्व फौजी अमित सिंह ठाकुर एवं नवल सिंह का सम्मान किया गया। नगर परिषद अधिकारी संजय जैन ने बताया कि 13 अगस्त से हर घर तिरंगा फहराने का अभियान चलाया जाएगा और इस सफल आयोजन पर नगरवासियो का आभार माना।

कलेक्टर 20 अगस्त को होंगे सम्मानित

खंडवा। मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा राज्य स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह आगामी 20 अगस्त को प्रात : 11 बजे से भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव सम्पूर्णता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों के कलेक्टर्स को सम्मानित करेंगे। इस कार्यक्रम में खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा।

पॉलिटेक्निक कॉलेज में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु काउंसलिंग जारी,अंतिम 2 दिन शेष

खंडवा। महात्मा ज्योतिराव फुले पॉलिटेक्निक कॉलेज खंडवा में शैक्षणिक सत्र 2025 -26 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश 13 एवं 14 अगस्त को अंतिम रहेगा। इसके बाद किसी भी कोर्स के लिए प्रवेश प्रक्रिया बंद हो जाएगी। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट में प्रवेश ले सकते हैं। कक्षा 12वीं में किसी भी विषय से उत्तीर्ण विद्यार्थी मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट में सीधे सेकंड ईयर में प्रवेश ले सकते हैं। गणित विषय से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी सीधे किसी भी ब्रांच में सेकंड ईयर में प्रवेश ले सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि सामान्य वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जिनके पास आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग अर्थात ईडब्ल्यूएस का सर्टिफिकेट है, तो उनके लिए सुनहरा अवसर वे किसी भी ब्रांच में प्रवेश ले सकते हैं। संस्था के प्राचार्य ने बताया पॉलिटेक्निक कॉलेज खंडवा में अब रिक्त सीटों पर अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन से सीएलसी राउंड का रजिस्ट्रेशन करवा कर 13 एवं 14 अगस्त को प्रात : 11 बजे कॉलेज में उपस्थित होकर संस्था स्तर की काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। यह प्रक्रिया 14 अगस्त तक जारी रहेगी।

महिला रसोइया से 4 हजार लेते बाल विकास के एचएस अरोरा पकड़ाए

नवभारत न्यूज

खंडवा। महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एचएस अरोरा को लोकायुक्त पुलिस ने 4000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। बाल संप्रेषण गृह की महिला रसोइया ने इनकी शिकायत की थी। लोकायुक्त टीम ने जाल बिछाया और रुपए लेते विवादित एचएस अरोरा को पकड़ लिया।

आश्चर्य की बात यह है कि महिला रसोइया के 12 000 रुपए वेतन में से भी वे 2000 प्रति माह मांग रहे थे। 2 महीने का वेतन भी रोक दिया था ।जिसे लेने में ही 4000 लेते हुए अरोरा को गिरफ्तार किया गया। पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में सारी कार्रवाई की गई। इसके बावजूद अरोरा के चेहरे पर शिकन तक नहीं थी। कई बार वे खंडवा से हटाए भी गए, लेकिन वापस आ जाते थे।

बाल विकास में कोई भी नहीं बक्शे जाते

खंडवा के इस विभाग में लोकायुक्त की पहली कार्रवाई नहीं हुई है। इससे पहले भी यहां हैट्रिक बन चुकी है। कोरोना के बाद तो दिल दहला देने वाली तस्वीर उजागर हुई थी। यहां जिन बच्चों के माता-पिता का निधन हो गया था। उन्हें सरकार द्वारा भरण पोषण की राशि दी जा रही थी। उसमें भी मोटा प्रतिशत मांगते हुए कर्मचारी धाराए थे।

महानिदेशक देशमुख का खंडवा प्रेम

महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख पूर्व में खंडवा के पुलिस अधीक्षक भी रहे हैं। खंडवा जिले की तासीर और यहां के वातावरण से बखूबी परिचित हैं। हाल ही में दो बड़े अफसरों पर बड़ी कार्रवाई हुई है।

ट्रेपदल के ये थे जांबाज

कार्यवाहक निरीक्षक आशुतोष मिठास, कार्यवाहक निरीक्षक प्रतिभा तोमर, आरक्षक विजय कुमार,आरक्षक कमलेश परिहार, आरक्षक आशीष नायडू, आरक्षक चेतन सिंह परिहार, आरक्षक कमलेश तिवारी एवं चालक शेरसिंह ठाकुर शामिल थे।

खंडवा का चारागाह इन्हें खूब रास आया!

हाल ही में पकड़ाए गए एचएस अरोरा कई बार तबादले हुए। निलंबित हुए । फिर भी लौटकर खंडवा आ गए। खंडवा में आखिर क्या मीठा है ? कई बार विवादित भी रहे अखबारों के पन्ने भी रंगे गए। अब रिश्वत लेते पकड़ाए गए हैं। सरकारी मशीनरी क्या कर रही है ? महिला एवं बाल विकास, खाद्य एवं औषधि विभाग समेत राजस्व विभाग पर अफसर क्यों मौन हैं? आदिवासियों की जमीन हड़पने के मामले में पटवारी से लेकर वरिष्ठ राजस्व अवसरों तक क्यों बचाए जा रहे हैं? खंडवा की जनता भोली है! इसका मतलब यह नहीं कि नेता और अफसर मिलकर इन्हें लूट-खसोट खाएं। गलती शायद उनकी नहीं, खंडवा के अधिकतर सहनशील लोगों की नजर आ रही है।

अधिकतर पटवारी, सचिव और बाबू जैसे लोग ही पकड़ाते थे। अब कैनरा बैंक मैनेजर, महिला बाल विकास अधिकारी जैसे लोग ट्रैप किया जा रहे हैं। श्री देशमुख के भ्रष्टाचार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश पर इंदौर लोकायुक्त इकाई की ट्रेप कार्रवाई हुई है।

अरोरा का यह है परिचय

नई बात करें तो ज्योति पति सुनील पाल उम्र 48 वर्ष निवासी रतागढ, हरसूद नाका खण्डवा ने हरजिन्दर सिंह अरोरा पिता स्व श्री जी.एस. अरोरा उम्र 59 वर्ष पद-अधीक्षक, बाल सम्प्रेषण गृह खण्डवा (मूल विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग,खण्डवा) निवासी 189 पंजाब कालोनी खण्डवा कि लोकायुक्त में शिकायत की थी। अरोरा पर 4000 रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था।

4 साल से हैं रसोईया

आवेदिका रतागढ, हरसूद नाका खण्डवा की रहने वाली है। बाल सम्प्रेषण गृह खण्डवा में विगत चार वर्षों से भोजन बनाने का काम करती है। आवेदिका की माह जून एवं जुलाई 2025 की वेतन का आहरण होना शेष था।

जिसके लिए आवेदिका बाल सम्प्रेषण गृह खण्डवा के अधीक्षक हरजिन्दर सिंह अरोरा से मिली तो उनके द्वारा विगत दो माह के वेतन निकालने के एवज में आवेदिका से 2000/- प्रतिमाह के हिसाब से 4,000/- रू. रिश्वत की मांग की। पैसे नहीं देने पर नौकारी से निकाल देने का कहा गया।

हरजिंदर को फांसने ऐसे बिछाया जाल

शिकायत आवेदिका ने राजेश सहाय, पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त कार्यालय इंदौर को की। सत्यापन में शिकायत सही पाए जाने पर ट्रेपदल का गठन किया गया। आरोपी हरजिन्दर सिंह अरोरा को आवेदिका से 4,000/- रू. रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपीगण के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण की धारा 7 के अंतर्गत कार्यवाही जारी है।

कांग्रेसी जेल जाने को आतुर, पुलिस ने वापस भेजा

नवभारत न्यूज

खंडवा। राहुल गांधी की गिरफ्तारी के खिलाफ मंगलवार को खंडवा के कोतवाली थाने में कांग्रेसियों ने जमकर हंगामा किया। हालांकि, पुलिस ने गिरफ्तारी से इनकार किया है।

गरमाया राजनीतिक माहौल

नई दिल्ली में राहुल गांधी की प्रेस कांफ्रेंस के बाद से ही देश भर में बीते चुनाव पर चर्चा तेज हो रही है ।कल राहुल गांधी ने भी दिल्ली में संसद मार्ग पर मार्च निकाला था। उसके बाद में हिरासत में लिया गया था। इसी के खिलाफ देश भर में कांग्रेस कार्यकर्ता भी अपनी गिरफ्तारी देने पहुंच रहे हैं।

दिल्ली घटनाक्रम में खंडवा गूंजा

खंडवा में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं में कोतवाली थाने में पहुंचकर जमकर हंगामा किया। कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस से उन्हें गिरफ्तार करने की मांग करते रहे थे। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने से इनकार कर दिया। पुलिस का कहना था कि जब तक कोई मामला नहीं बनता वह किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकते।

कांग्रेसी बोले,हमें भी जेल भेजो

वहीं कांग्रेस कार्यकर्ता इस बात पर अड़े थे कि जब उनके नेता राहुल गांधी को सच्चाई बयां करने पर गिरफ्तार किया गया तो, उन्हें भी गिरफ्तार किया जाए। लगभग एक घंटे चली मशक्कत के बाद किसी तरह कांग्रेस कार्यकर्ता थाने से रवाना हुए।

इस अवसर पर निर्मला मालवीय,महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रचना तिवारी ,प्रतिभा कसेरा, अर्श पाठक,श्याम यादव,सुनील आर्य, जितेंद्र सिंह चौहान, नारायण तोमर ,गजेंद्र सोलंकी, रामपाल सिंह सोलंकी, नानकराम बड़वाहें, राणा सज्जन सिंह, अशोक पटेल ,सदाशिव भंवरीया, विकास व्यास, आलोक सिंह रावत,राजकुमार कैथवास,अय्यूब लाला, लव जोशी, वामन राव जाधव, सुरेंद्र सिंह मौर्य, प्रीतेश जैन, दीपक मुल्लू राठौर, मनोज मंडलोई, इकबाल कुरैशी, अहमद पटेल ,दिव्यांश ओझा, राहुल वाघ, शराफत खान, असलम गौरी ,मोईद खान,शब्बीर कादरी, रणधीर कैथवास,विनोद यादव,गुलशन अरोरा, योगेश जांगिड़ नासिर खान, विशाल सोनी, अश्विनी चौहान, देवेंद्र थिट अक्षत अगरवाल, अयान खान, साकिर खान, उज्जवल सातले, वकील नीलकंठ सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।

जनसुनवाई : शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने का अनुरोध किया

नवभारत न्यूज

खंडवा । कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जनसुनवाई में आवेदक शिवकुमार ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर उसके गांव पिपलानी में शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने का अनुरोध किया, जिस पर उन्होंने आबकारी अधिकारी को शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम अहमदपुर के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि अहमदपुर से अजंटी मार्ग पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को आने जाने में वर्षा ऋतु में बहुत परेशान हो रही है। ग्रामीणों ने इस मार्ग की रिपेयरिंग तत्काल कराने की मांग की, जिस पर उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के महा प्रबंधक को समय सीमा में मार्ग की रिपेयरिंग कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ डॉ . नागार्जुन बी . गौड़ा, अपर कलेक्टर श्री के . आर . बड़ोले सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत मानव श्रृंखला और रैली

नवभारत न्यूज

खंडवा । हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को नगर निगम खंडवा के प्रांगण से तिरंगा थीम पर विशाल रैली एवं मानव श्रृंखला का भव्य आयोजन किया गया।

मंगलवार को प्रातः 7 बजे विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं नगर निगम प्रांगण में एकत्रित हुए। महापौर अमृता अमर यादव के आह्वान पर रैली का शुभारंभ देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों के साथ किया गया।

रैली की शुरुआत में संदीप जोशी ने सभी को तिरंगा शपथ दिलाई। यह रैली निगम प्रांगण से प्रारंभ होकर घंटाघर तक पहुंची। वापसी के दौरान प्रतिभागियों ने विशाल मानव श्रृंखला बनाकर नगरवासियों को तिरंगे के सम्मान एवं देश के वीर जवानों के प्रति श्रद्धा का संदेश दिया।

इस अवसर पर महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि तिरंगा न केवल हमारे राष्ट्र की पहचान है, बल्कि यह हमारी एकता, सम्मान और देशभक्ति का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक नागरिक को बड़े गर्व के साथ अपने घर, कार्यस्थल एवं अपने वाहनों पर तिरंगा लगाना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महापौर अमृता अमर यादव एवं नगर निगम खंडवा के अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य आशीष चटकेले, राजेश यादव, अनिल वर्मा, पार्षदगण,आयुक्त प्रियंका राजावत, उपायुक्त एस. आर. सिटोले, जिला शिक्षा अधिकारी श्री सोलंकी सहित बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी शामिल हुए।

"हर घर तिरंगा अभियान" के तहत ऑटो रिक्शा रैली

खंडवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान" के तहत खंडवा जिले में नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को जिला परिवहन कार्यालय द्वारा ऑटो रिक्शा रैली आयोजित की गई। इस रैली को पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने गुरू गोविंद सिंह स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन रैली स्टेडियम से रवाना होकर नगर निगम तिराहे पर जाकर सम्पन्न हुई।

कार्यशाला

त्यौहारों पर मिट्टी की प्रतिमा ही स्थापित करें

स्कूली विद्यार्थियों ने सीखी मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाने की कला

नवभारत न्यूज

खंडवा। त्यौहारों के अवसर पर प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाओं के विसर्जन से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने इस बार खंडवा में प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाओं के निर्माण और विक्रय पर प्रतिबंध लगाया है। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं के निर्माण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में स्थानीय होली स्पिरिट स्कूल में मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं के निर्माण की कला विद्यार्थियों को सिखाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

विधायक तन्वे ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि अपने घरों में माता-पिता को तथा घर के पड़ोस में रहने वाले अन्य परिवारों को भी समझाएं कि इस वर्ष से प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां घर में ना लाएं, क्योंकि प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति विसर्जन करने के वर्षों बाद भी पानी में घुलती नहीं है, और इसमें लगे रासायनिक रंग पर्यावरण को प्रदूषित करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिट्टी की मूर्तियां ही खरीदें और दूसरों को भी मिट्टी की मूर्ति खरीदने के लिए प्रेरित करें।

महापौर ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे जब घर में प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति लाने का विरोध करेंगे तो माता-पिता कभी भी प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति नहीं खरीदेंगे, इसलिए पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में बच्चों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यार्थियों से कहा कि अपने माता-पिता से अनुरोध करें कि गणेश उत्सव, दुर्गा उत्सव और दीपावली जैसे पर्वों पर घर में मिट्टी की मूर्ति ही स्थापित करें और पर्व संपन्न होने पर घर के किसी गमले में ही उस मूर्ति को विसर्जित कर पौधा लगा दें। ऐसा करने से हमारे शहर के जल स्रोत प्रदूषण से बच जाएंगे। उन्होंने कहा कि खंडवा शहर में स्थित पदम कुंड अत्यंत प्राचीन है। प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों के विसर्जन से पदम कुंड का पानी प्रदूषित हो रहा है। इसे हम सबको मिलकर सख्ती से रोकना होगा। पदम कुंड व अन्य जल स्त्रोतों का संरक्षण हम सबको मिलकर करना है।

कलेक्टर ने इस अवसर पर बताया कि जिला प्रशासन ने प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों के निर्माण और विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने कहा कि मिट्टी की गणेश मूर्तियां उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्व सहायता समूहों के सहयोग से मिट्टी की मूर्तियां बड़ी संख्या में तैयार कराई जा रही हैं, ताकि नागरिकगण गणेशोत्सव के दौरान अपनी पसंद की मिट्टी की मूर्ति खरीद सकें। उन्होंने कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से खंडवा जिला शीघ्र ही प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों से मुक्त जिला बनने का गौरव प्राप्त करेगा। कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि हम घर में ही मिट्टी की मूर्ति बनाएं और प्राकृतिक रंगों से उसे रंगे, तो भगवान गणेश और अधिक प्रसन्न होंगे।

जिला पंचायत के सीईओ डॉ . गौड़ा ने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से मिट्टी की मूर्तियां विक्रय करने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर स्टाल लगाए जाएंगे, जहां से कोई भी व्यक्ति अपनी पसंद की मिट्टी की मूर्ति खरीद सकता है।

इस कार्यक्रम में खंडवा की विधायक कंचन तन्वे, महापौर अमृता अमर यादव, कलेक्टर ऋषव गुप्ता तथा जिला पंचायत के सीईओ डॉक्टर नागार्जुन बी .गौड़ा, संयुक्त कलेक्टर निकिता मंडलोई, जिला शिक्षा अधिकारी पी .एस . सोलंकी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण भी मौजूद थे। अतिथियों ने भी कार्यशाला में मिट्टी की गणेश प्रतिमा निर्माण करना सीखा। कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया।